<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- पांचवें और छठे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का सिलसिला जारी, इंडी गठबंधन की ओर से विनोद सिंह ने कोडरमा से किया नामांकन, धनबाद सीट से अनुपमा सिंह थोड़ी देर बाद भरेंगी पर्चा।

2- चौथे चरण के चुनाव के तहत पलामू और खूंटी संसदीय सीट पर 85 वर्ष से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं का पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर्मी कल से घर जाकर करायेंगे मतदान।

3- दक्षिण पूर्व रेलवे ने पुरी–आनंद विहार ट्रेन को मुरी होकर चलाने का लिया निर्णय, रांची–गोड्डा ट्रेन में यात्रियों की सहूलियत के लिए जोड़े जायेंगे अतिरिक्त कोच।

4- झारखंड में तेज धूप और लू के प्रभाव से आम जनजीवन प्रभावित, पांच मई से बादल छाये रहने और हल्की बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिलने के संकेत।

5- राष्ट्र निर्माण में मजदूरों के योगदान को सम्मान देने के लिए आज मनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस।

*******************

इंडी गठबंधन की ओर से कोडरमा संसदीय सीट से माले नेता विनोद सिंह ने गिरिडीह में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष आज नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन, सांसद सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य सोनू समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं छठे चरण में होने वाले चुनाव के तहत धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह आज पर्चा भरेंगी। उनके साथ उनके पति सह बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, परिवहन मंत्री बसंत सोरेन और अन्य नेता–कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

*******************

पलामू और खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव 13 मई को होना है। इसके लिए सारी तैयारी हो चुकी है। कल से 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा विकलांगता वाले मतदाताओं की वोटिंग शुरू हो जाएगी। मतदान कर्मी उनके घर जाएंगे और वैलेट पेपर से मतदान करायेंगे। पलामू संसदीय सीट पर कुल 520 बुजुर्ग वह 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग घर बैठे मतदान करेंगे। पलामू के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने बताया कि उनकी वोटिंग की तैयारी हो चुकी है। वहीं लोहरदगा संसदीय सीट पर 7 मई से नौ मई तक पोस्टल बैलेट के जरिए बुजुर्गों और दिव्योंगों का मतदान कराया जायेगा।

*******************

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दल देशभर में रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में रैली करेंगे। गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह छत्तीसगढ के कोरबा में जनसभा करेंगे। वहीं झारखंड में पांचवें चरण में हजारीबाग संसदीय सीट पर होने वाले चुनाव के तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता भजनलाल हजारीबाग से उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसभा करेंगे।

*******************

झामुमो के बागी विधायक सह राजमहल संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम कल पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड के इशाकपुर गाँव में कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए। लोबिम हेंब्रम ने अपने ही दल के सांसद विजय हांसदा के खिलाफ टिप्पणी की। विधायक लोबिन हेंब्रम ने क्षेत्र की उपेक्षा के लिए सांसद को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने पक्ष में मतदान की अपील की। विधायक लोबिन ने कहा कि अभी भी समय है, झारखंड मुक्ति मोर्चा उन्हें टिकट दे अन्यथा वे 7 मई को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन परचा दाखिल करेंगे।

******************

हजारीबाग संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होना है। इसको लेकर रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर रचनात्मक तरीके से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में लगभग 70 हजार से अधिक बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। सभी मतदाताओं से बिना किसी भय, लोभ या किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

******************

मधुबनी पेंटिंग के क्षेत्र में कामिनी सिन्हा रांची की जानी मानी शख्सियत हैं। इस क्षेत्र में उनका सक्रिय योगदान रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट– कर्मवीर सिंह, रांची– 48 सेकेंड

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल ने जानकारी दी है कि पुरी–आनंद विहार ट्रेन अब मुरी होकर चलेगी। वहीं रांची–गोड्डा ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगेंगे, जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी। रांची की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रांची–गोड्डा–रांची एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच में वृद्धि की गयी है। वहीं चक्रधरपुर रेल मंडल में चल रहे विकास कार्यों को लेकर हटिया–झारसुगुड़ा–हटिया मेमू एक्सप्रेस चार मई को रद्द रहेगी।

******************

तेल विपणन कंपनियों ने तत्काल प्रभाव से कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में 19 रुपये प्रति यूनिट की कटौती की है। हालांकि, घरेलू उपयोग वाले एलपीजी की मौजूदा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

******************

साहेबगंज के सदर अस्पताल में उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने रक्तदान महा अभियान शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर दोनों अधिकारियों ने रक्तदान भी किया। इस दौरान जानकारी दी गयी कि आज से प्रत्येक माह की एक तारीख को जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। बता दें कि साहिबगंज जिले में थैलीसीमिया के 40 मरीज हैं जिनको हमेशा खून की जरूरत होती है। जिला प्रशासन ने स्वस्थ और इच्छुक लोगों से रक्तदान महाअभियान से जुड़ने की अपील की है।

******************

झारखंड भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने लोगों को तेज धूप में घर से बाहर नहीं निकालने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने ग्यारह जिलों– पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज और गोड्डा में भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने की चेतावनी भी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 5 और 6 मई के बीच बारिश की संभावना व्यक्त की है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

******************

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार मई को डाल्टनगंज में सभा होगी। उनके आगमन को लेकर चियाकी हवाई अड्डे और सभा स्थल पर सभी तैयारी की जा चुकी है।
- हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआईजी आवास में तैनात 31 वर्षीय सुरक्षा कर्मी विकास कुमार की गोली लगने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आवास के गेट पर ड्यूटी पर तैनात थे। गोली उन्हें कैसे लगी या उन्होंने खुद से गोली मार ली, इसकी जांच की जा रही है। विकास कुमार 2017 बैच के आरक्षी थे।
- देवघर सारठ–पालोजोरी मुख्य मार्ग पर बसहा गांव के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं चार अन्य घायल हो गए हैं। मृतक 59 गोपेश कुमार सिंह बोकारो जिला के चास थाना क्षेत्र के शिवपुरी कालोनी का रहने वाला था।

******************

आज अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस है। दुनिया भर में श्रमिकों के योगदान का सम्मान करने के लिए हर वर्ष एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। झारखंड में मजदूरों के सम्मान और हित के लिए विभिन्न मजदूर संगठनों और कंपनियों की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

******************

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता में रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज चार लीग मैच खेले जायेंगे। झारखंड का मुकाबला बंगाल के साथ, हरियाणा का मुकाबला मणिपुर के साथ होगा। वहीं महाराष्ट्र और मिजोरम के बीच मैच होगा। जबकि मध्यप्रदेश का मुकाबला ओड़िशा के साथ होगा। कल मेजबान झारखंड ने मिजोरम को 3–0 से हरा दिया।

******समाप्त******